## खास-खबरें



राजधानी में होने वाले मटकी फोड़ प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए शनिवार को भोपाल आए फिल्म अभिनेता गोविंदा का भाजपा जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी ने स्वागत किया।

### जलतरंग इंटरप्रिटेशन सेंटर आम लोगों के लिए शुरू




**भोपाल।** भोपाल के बड़ा तालाब के किनारे स्थित जलतरंग इंटरप्रिटेशन सेंटर आमजनों के लिए प्रतिदिन प्रातः 8 से सायं 8 बजे खुला रहेगा। रविवार सहित शासकीय अवकाश के दिन भी जलतरंग आमजन के अवलोकन के लिए खुला रखा जा रहा है। साप्ताहिक अवकाश मंगलवार को निर्धारित किया गया है। प्रवेश शुल्क 20 रूपये प्रति व्यक्ति और विद्यार्थियों के लिए 10 रूपये निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पर्यावरण विभाग द्वारा स्थापित इंटरप्रिटेशन सेंटर का शुभारंभ विश्व पर्यावरण दिवस पर किया था।

### रक्षायन का लोकार्पण कल

**भोपाल।** रामायण के वैश्विक अध्येता एवं रामायण केन्द्र के निदेशक डॉ. राजेश श्रीवास्तव की पुस्तक रक्षायन का लोकार्पण 22 अगस्त को दुष्यंत संग्रहा, शिवाजी नगर भोपाल में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मा. उषा ठाकुर मंत्री संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व उपस्थित रहेंगी। अध्यक्षता रघुनंदन शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में राजा बुंदेला (सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता), राज हीरामन (मॉरीशस) तथा वरिष्ठ कथाकार डॉ. उर्मिला शिरीष उपस्थित रहेंगे। संचालन धनश्याम मैथिल करेंगे। रामायण के विविध संदर्भों पर केंद्रित इस पुस्तक का आमुख मनोज श्रीवास्तव (पूर्व अपर मुख्य सचिव) म.प्र. शासन) ने तथा भूमिका रघुनंदन शर्मा ने लिखी है। ज्ञातव्य है कि डॉ.राजेश श्रीवास्तव की इससे पूर्व रामअयन पुस्तक बहुत चर्चा में रही है। वर्तमान में वे तीर्थस्थान एवं मेला प्राधिकरण म.प्र.शासन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी हैं तथा ग्लोबल इन्साइक्लोपीडिया ऑफ रामायण के राष्ट्रीय समन्वयक हैं।

### प्रदेश में पहली बार अति उच्चदाब विद्युत सबस्टेशन ढीमरखेड़ा रिमोट से ऊर्जीकृत



**भोपाल।** आजादी के अमृत महोत्सव पर मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। कंपनी ने नव-निर्मित अति उच्चदाब सब-स्टेशनों को रिमोट से संचालित करने की महत्वाकांक्षी योजना में कटनी जिले में 48 करोड़ 26 लाख रूपये की लागत से निर्मित 132 के.व्ही. सब-स्टेशन ढीमरखेडा (मुरवारी) को मध्यप्रदेश के इतिहास में पहली बार रिमोट (ह्यूमन मशीन इंटरफेस) के जरिये ऊर्जीकृत किया। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कमचारी-अधिकारियों को बधाई दी है। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने 132 के.व्ही. ढीमरखेडा सब-स्टेशन को 50 एम.व्ही.ए. क्षमता के पॉवर ट्रांसफार्मर के साथ रिमोट से ऊर्जीकृत करने में सफलता प्राप्त की है। इस नवाचार को मध्यप्रदेश में निर्मित होने वाले प्रत्येक सब-स्टेशन में लागू किया जायेगा।

# न्यू मार्केट में अतिक्रमण प्रभारी को थप्पड़ मारा, जान से मारने की धमकी दी, कर्मचारियों को भी पीटा, केस दर्ज, दो आरोपी गिरफ्तार

भोपाल (काप्र)।

**राजधानी में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने कर्मचारियों को लात-घूंसों से पीटा, साथ ही अतिक्रमण प्रभारी कमर शाकिब को थप्पड़ मारा और उनके साथ झूमाझटकी कर जान से मारने की धमकी भी दी।**

हमलावरों में रिकॉर्डशुदा बदमाश भी शामिल हैं। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में लिया है। पिछले 17 दिनों में नगर निगम कर्मचारियों पर हमले की ये दूसरी घटना है।

ये घटना शनिवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे न्यू मार्केट इलाके में हुई, जब निगम की टीम वहां अतिक्रमण कर फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई करने पहुंची थी। वहां अतिक्रमण प्रभारी शाकिब भी मौजूद थे। इसी दौरान यहां अल्ताफ पिता बन्ने खां, एजाज, मनोज लोधी समेत अन्य लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। प्रभारी शाकिब ने रोका, तो उन्होंने धमकी देते हुए झूमाझटकी की और लात-घूंसे भी मारे। इस बीच अतिक्रमणकारियों ने कुछ अन्य कर्मचारियों को भी पीट दिया। इससे शाकिब समेत कई कर्मचारियों को चोट आई, साथ ही करीब एक घंटे तक हंगामा चला। प्रभारी शाकिब ने बताया कि न्यू मार्केट के हॉकर्स कॉर्नर में माफिया प्रवृत्ति के लोग हैं। 3 अगस्त को भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। तब क्षेत्र के अतिक्रमण प्रभारी नासिर खान पर भी हमला किया था। आज जब कार्रवाई की गई, तो अल्ताफ, मनोज और एजाज ने विवाद शुरू कर दिया। अल्ताफ ने मुझे थप्पड़ मारा। अतिक्रमण कर्मचारी आकाश मिश्रा, राजीव व नावेद के साथ भी मारपीट और झूमाझटकी की गई।

हमले के बाद नगर निगम के कर्मचारी भी भड़क गए। टीम ने दो लोगों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। क्षेत्रीय अतिक्रमण प्रभारी नासिर खान ने बताया कि अल्ताफ, एजाज, मनोज और उनके अन्य साथियों ने हमला किया। हमले से गुस्साए नगर निगम कर्मचारी टीटी नगर थाने पहुंचे। उन्होंने हमला करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की। इसके बाद प्रभारी शाकिब की रिपोर्ट पर अल्ताफ, एजाज बैग और मनोज लोधी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का केस दर्ज किया गया। क्षेत्रीय अतिक्रमण प्रभारी नासिर खान ने बताया कि हमला करने वाले आरोपियों को पुलिस के हवाले किया गया। इसके बाद उनका अतिक्रमण सख्ती से हटाया गया। फुटपाथ पर दुकानें लगा रखी थीं। जिसे हटाने के लिए कई बार निगम कह चुका था, लेकिन आरोपी उल्टा धमका रहे थे। शनिवार को जब कार्रवाई करने पहुंचे तो हमला हो गया। प्रभारी शाकिब ने बताया कि शनिवार सुबह न्यू मार्केट में अतिक्रमण हटाया जा रहा था। अन्य जगहों से अतिक्रमण हटाने के बाद पिंक पार्किंग के सामने पहुंचे। अल्ताफ ने अतिक्रमण कर चाय-नाश्ता की दुकान लगा रखी थी। दुकान के कागज मांगे तो वह बोला कि यहां से चले जाओ, वरना अच्छा नहीं होगा। तब हमने कार्रवाई शुरू की, लेकिन अल्ताफ और उसके साथियों ने विवाद करना शुरू कर दिया। अल्ताफ ने मुझे थप्पड़ मार दिया। कर्मचारियों के साथ भी पिटाई की गई। धमकाया गया कि अब न्यू मार्केट में दिखे तो जान से मार देंगे।

# इंदौर, भोपाल, गुना, भिंड में हुई बारिश, मप्र के 29 जिलों में अलर्ट

भोपाल (काप्र)।

**मध्यप्रदेश में 4 दिन के ब्रेक के बाद शनिवार को बारिश का सिस्टम एक बार फिर एक्टिव हो गया है। इंदौर, भोपाल गुना और भिंड में बारिश हो रही है। भिंड के कलेक्ट्रेट से लेकर शहर की मुख्य सड़कें और आधा दर्जन कॉलोनियां जलमग्न हो गई।**

भोपाल, नर्मदापुरम, महाकौशल, ग्वालियर-चंबल और बुंदेलखंड-बघेलखंड में भी जोरदार बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने भोपाल समेत 29 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भोपाल में दोपहर करीब ढाई बजे से बारिश हो रही है। इंदौर में रविवार को जमकर बारिश हो सकती है। रीवा, सीधी, सिंगरौली और सतना में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। भिंड में शनिवार रात से ही बारिश शुरू हो गई थी। जब लोग सोकर उठे तो शहर के कई क्षेत्र जलमग्न दिखे। रात 3 बजे के बाद तेज बारिश का दौर शुरू हुआ, जो सुबह 6 बजे तक रिमझिम में चलता रहा। इस दौरान करीब एक घंटे तेज बारिश हुई। भिंड के कलेक्ट्रेट से लेकर शहर की मुख्य सड़कें और आधा दर्जन कॉलोनियां जलमग्न हो गईं। सबसे बुरे हाल मीरा कॉलोनी और शास्त्री कॉलोनी के हैं। गौरी सरोवर की सड़क नाले में तब्दील हो गई। लहार रोड पर भी डेढ़ से दो फीट तक पानी भरा रहा। भारौली रोड पर नई कॉलोनियों में भी लोग घरों के अंदर बारिश के पानी की वजह से कैद हो गए। नगर पालिका के कार्यपालन यंत्री व इंचार्ज सीएमओ हरीश बाबू का कहना है कि तीन गाड़ियां पानी निकासी के लिए भेजी गई हैं। अमला पूरी तरह से लगा हुआ है। नाले ओवरफ्लो हो गए हैं। पानी धीरे-धीरे सड़कों से उतर रहा है। गुना में भी सुबह 11 बजे से बारिश का दौर शुरू हो गया है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे की तैयारी को लेकर राजधानी के लाल परेड मैदान में हेलीपैड बनाते हुए कर्मचारी।



राजधानी में राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर शनिवार को उनकी प्रतिमा पर कांग्रेस नेताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# कारम कांड के व्हिसिल ब्लोअर सोलंकी को जान का खतरा

भोपाल (काप्र)।

**धार जिले के कारम डैम में हुए भ्रष्टाचार के मामले को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। डैम के निर्माण की शुरुआत से ही भ्रष्टाचार की शिकायत करने वाले खरगोन के काकडदा ग्राम के रहने वाले लोकेश सोलंकी भोपाल पहुंचे। जहां उन्होंने कारम डैम में हुए भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।**

लोकेश ने कहा कारम डैम में लीकेज से हुए भारी नुकसान से पहले ही उन्होने अधिकारियों और मंत्रियों को डैम निर्माण में हो रहे घोटाले के बारे में बताया था। मगर किसी ने उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण 18 गांव के लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा और उनकी फसलें बर्बाद हो गई। लोकेश ने कहा शिकायतें करने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई बल्कि मुझपर प्रेशर बनाया गया। मेरी जान को खतरा है। लोकेश ने कहा कि वे शुरू से ही कारम डैम में हो रही गड़बड़ियों को उजागर करने का काम कर रहे थे। मगर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के मुख्यमंत्री और जल संसाधन मंत्रियों ने इसके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। लोकेश ने जानकारी होने पर भी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है और इन सभी के इस्तीफे की मांग उठाई है। समय-समय पर लोकेश और अन्य ग्रामवासियों द्वारा जनप्रतिनिधियों और मुख्यमंत्री से लिखित शिकायत भी की गई मगर कोई ध्यान नहीं दिया गया। न तो मैनुअल के अनुसार काम किया गया और न ही निर्माणाधीन बांध का निरीक्षण किया गया। लोकेश सोलंकी ने अधिकारियों और मंत्रियों से कई गंभीर सवाल भी किए हैं। लोकेश ने कहा कि बांध का निर्माण करने वाली दिल्ली की एएनएस कंस्ट्रक्शन कंपनी को पांच साल पहले पवई बांध निर्माण में लापरवाही के चलते सस्पेंड किया गया था। फिर उसी कंपनी को ये डैम बनाने की जिम्मेदारी क्यूं सौंपी गई।

# जांच रिपोर्ट में खुलासा, 25 मार्च नहीं दस मार्च को भी लीक हुआ पेपर

भोपाल (काप्र)।

**प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड (पीईबी) की प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एमपी-टीईटी) पेपर लीक मामले में नया खुलासा हुआ है। पता चला है कि एग्जाम शुरू होने के पांचवें दिन ही एक उम्मीदवार ने पर्चा लीक किया था।**

यह सब तब हुआ था, जब परीक्षार्थी एग्जाम हॉल में पेपर दे रहा था। यह खुलासा प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा की जांच कर रही एजेंसी एमपीएसईडीसी (मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन) की जांच रिपोर्ट में हुआ है। इससे पहले सामने आया था कि सागर के एक कॉलेज से 25 मार्च को पेपर लीक हुआ था। मामले की जांच आखिरी सप्ताह में एमपीएसईडीसी ने पीईबी को सौंपी थी। यह रिपोर्ट बीते सप्ताह पीईबी अफसरों ने एमपी नगर पुलिस को सौंप दी है, जिसका खुलासा हाल ही में हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक परीक्षा के दौरान उसके कम्प्यूटर की स्क्रीन जिस समय ब्लिंक हो रही थी, उसी दौरान उसने सबसे ज्यादा प्रश्न हल किए। ऐसा प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के दौरान तीन दिन में पांच बार अलग-अलग पारी में हुआ था। ये रिपोर्ट 26 अप्रैल 2022 को पीईबी को सौंपी गई थी। 5 परीक्षार्थियों के खिलाफ पीईबी ने भोपाल के एमपी नगर थाने में केस भी दर्ज कराया है। रिपोर्ट के अनुसार पीईबी की एमपी टीईटी में पहले 10 मार्च को पहली पारी में परीक्षा दे रही छात्रा निशा सोलंकी का पर्चा, एग्जाम सेंटर के बाहर से सॉल्व किया गया था। छात्रा ने जिस समय पेपर सॉल्व किया, उस समय उसके कम्प्यूटर की स्क्रीन ब्लिंक कर रही थी, जबकि स्क्रीन ब्लिंक होने के दौरान कोई भी उम्मीदवार अपना प्रश्नपत्र सॉल्व नहीं कर सकता। इससे छात्रा के पर्चे को एग्जाम हॉल के बाहर बैठे दूसरे व्यक्ति के द्वारा सॉल्व करने की पुष्टि होती है। छात्रा ने ग्वालियर के सर्वधर्म महाविद्यालय परीक्षा केंद्र से एमपी टीईटी की परीक्षा दी थी। ग्वालियर के सर्वधर्म महाविद्यालय और सागर के ज्ञानवीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस को पीईबी ने प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा में सेंटर बनाया था। इन सेंटर्स पर 10 मार्च, 24 मार्च और 25 मार्च को अलग-अलग पाली में पांच अलग-अलग परीक्षार्थियों की स्क्रीन ब्लिंक हुई, हॉल में ड्यूटी कर रहे इनविजिलेटर ने इसे अनदेखा कर दिया। यही नहीं, संबंधित परीक्षार्थी ने भी इनविजिलेटर से कम्प्यूटर स्क्रीन ब्लिंक होने की शिकायत नहीं की। इससे एग्जाम हॉल के बाहर से परीक्षार्थी के सहमति से पर्चा सॉल्व होने की पुष्टि होती है। ग्वालियर के एक छात्र ने एमपी-टीईटी (मध्यप्रदेश टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) परीक्षा पर सवाल खड़े किए और पेपर लीक का दावा करते हुए परीक्षा में फर्जीवाड़ा का आरोप लगाया।

# पत्नी के मायके जाने से पति 4 बार कर चुका आत्महत्या का प्रयास, फिर भी बच गई जान

भोपाल (काप्र)।

**मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से अजीबोगरीब खबर सामने आई है। जहां पति अपनी पत्नी के मायके जाने से इतना दुखी हुआ कि उसने अपने आप को 4 सुसाइड करने की कोशिश करी। लेकिन किस्मत से चारों बार वे मौत के मुह से लौट आया।**

दरअसल भोपाल की रेल कोच फैक्ट्री के पास राजेन्द्र नगर में रहने वाले इंद्रपाल ने इस दुख में दुबारा शुक्रवार को फिनाइल पी लिया था। जिसके बाद उसे एम्स में भर्ती कराया गया। हालांकि इलाज के बाद अस्पताल से उसकी छुट्टी कर दी गई। लेकिन फिनाइल पीने से पहले इंद्रपाल ने वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था , जो अब तेजी से वायरल हो रहा हैं। 9 अगस्त को इंद्रपाल ने फांसी लगाने की भी कोशिश की थी। उस दौरान भी उसने एक वीडियो बनाया था। जिसमें वे कहते हुए नजर आ रहा था कि मेरी बीवी मुझे छोड़कर ललितपुर चली गई है। मेरा साला मेरी बीवी को आने नहीं दे रहा है। और इसलिए मैं आत्महत्या कर रहा हूं। अगर मुझे कुछ होता है तो मेरी मौत का जिम्मेदार मेरा साला और मेरी बीवी होंगे। इससे पहले भी इंद्रपाल ने एक बार ऑलआउट का लिक्विड पी लिया था और इलाज के बाद वह ठीक हो गया था। इसके बाद तालाब में कूदकर जाने देने की कोशिश की थी, लेकिन वह बच गया। बताया जा रहा है कि पति हरकतों से परेशान होकर पत्नी बेटी को लेकर मायके चली गई है। जानकारी के अनुसार इंद्रपाल सिंह एम्स भोपाल में गार्ड की नौकरी करता है।


**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना खुली निविदा क्रमांकः WCR-CRWS-BERTH-22-05**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** स्ट्रीपिंग, रिकंडीशनिंग एंड रिलेमिंग एंड फिटमेंट ऑफ सीट्स एंड बर्थ्स इन एलएचबी कोचेस ड्यूरिंग एसएस-III एट सीआरडब्ल्यूएस, भोपाल, **कार्य की लागतः** ₹ 46,22,450.65, **निविदा फॉर्म का मूल्यः** ₹ 0.00, **धरोहर राशिः** ₹ 92,500.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 06 माह, **ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समयः** 06.09.2022, 15:00 बजे तक, **निविदा खुलने का दिनांक एवं समयः** 06.09.2022, 16:00 बजे। **नोटः** निविदा तथा निविदा प्रारूप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेब साइट "www.ireps.gov.in" एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक, सडिपुका/भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

मुख्य कारखाना प्रबंधक
सडिपुका, निशातपुरा, पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल

कोरोना को भगाना है, मास्क एवं वैक्सीन लगाना है।


# ब्रह्माकुमारीज संस्थान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का हुआ रंगारंग आयोजन

## ब्रह्माकुमारीज संस्थान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

भोपाल (काप्र)।

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र पर शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बहुत ही सुंदर मनमोहक झांकी सजाई गई जिसमें बच्चों द्वारा राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। रोहित नगर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके डॉ रीना दीदी ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आध्यात्मिक रहस्य बताया।**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आरएस लता (स्वतंत्र निदेशक, भारी उद्योग मंत्रालय भारत सरकार), श्रीमान विभांशु जोशी (एडवोकेट लेखक समाजसेवी विचारक), हरिओम तिवारी (कार्टूनिस्ट ऑफ इंडिया), आलोक अवस्थी (आईएएस रिटायर्ड), राकेश दुबे (वरिष्ठ पत्रकार), हेमराज सूर्यवंशी (जीएसआई एडवाइजर भारत सरकार) श्री सुरेंद्र भाई जी (रिटायर्ड एसडीओ) थे। इस सुंदर एवं भव्य महोत्सव में श्रीकृष्ण लीला का आयोजन किया गया। जिसमें पूजा बहन, आरती बहन, आशी, गौरी, श्रीशुभी, तापसी, राधा एवं बाल कलाकारों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्रीकृष्ण को झूला झुलाकर माखन मिश्री खिलाया गया। एवं सभी ने मिलकर श्रीकृष्ण के साथ रास लीला की। कार्यक्रम के बाद उपस्थित जनसमूह को प्रसाद वितरण किया गया। उपस्थित भकगणो ने श्रीराधा कृष्ण की झांकी में शामिल बच्चों को तिलक लगाकर पूजा अर्चना की। माखन मिश्री का भोग लगाकर उनकी आरती उतारी।

उक्त कार्यक्रम में रासलीला, श्री कृष्ण झुलाआरती की गई। बहुत सुंदर श्रीकृष्ण रास लीला व श्रीकृष्ण गीतों के माध्यम से नृत्य नाटक की प्रस्तुति भी दी गई। शाम 6.00 से राजयोग मेडिटेशन से शुरू हुआ जो रात को 12 बजे श्रीकृष्ण जी की आरती हुई। उपस्थित जनसमूह ने मिलकर खूब खुशियां मनाई। श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के रंगारंग कार्यक्रम में हजारों लोगों की उपस्थिति थी। कार्यक्रम में मंच संचालन बीके रावेंद्र भाई ने किया।

### कुत्ते से घायल सुहानी अब खतरे से बाहर

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के बांसखेड़ी कोलार में कुत्ते का शिकार हुई 7 साल की सुहानी अब खतरे से बाहर है। वह परिजनों से बातचीत कर रही तो बहनों के साथ खेल भी रही है। हालांकि, उसकी आंख की रोशनी आएगी या नहीं, इस बारे में डॉक्टर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। सुहानी 8 दिन तक डॉक्टरों की निगरानी में रहेगी। उधर, नगर निगम की टीम ने उसी इलाके से करीब 60 कुत्ते पकड़े, जहां सुहानी शिकार बनी थी। 17 अगस्त की शाम को घर के पास खेल रही सुहानी को कुत्ते ने नोंच दिया था। तभी से उसका हमीदिया हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। कुत्ते के हमले से सुहानी की आंख की पलक बुरी तरह से जख्मी हो गई थी। इसके चलते डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया। दो दिन तक हालत गंभीर रहने के बाद अब सुहानी ठीक है। शुक्रवार को वह बहनों के साथ खेलती रही। पिता शिवकुमार कुशवाह ने बताया, कुत्ते के हमले के बाद सुहानी लहुलुहान हो गई थी।


**जाहिर सूचना**

**कृषि भूमि स्थित इकलामा, पटवारी हल्का नंबर 25, तहसील गौहरगंज जिला रायसेन (म.प्र.) के संबंध में।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने प्रथम पक्षकार/ अनुबंधकर्तागण (1) श्री लोकेश श्रीवास्तव आत्मज स्व. श्री श्रीलाल श्रीवास्तव आयु 45 वर्ष, (2) श्रीमती शोभा देवी श्रीवास्तव पत्नी स्व. श्री श्रीलाल श्रीवास्तव आयु 72 वर्ष दोनों निवासीगण इकलामा वार्ड नंबर 06 नगर परिषद औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन (म.प्र.) (3) श्रीमती निशा श्रीवास्तव पत्नी श्री सुनील श्रीवास्तव पुत्री स्व. श्री श्रीलाल श्रीवास्तव आयु 40 वर्ष निवासी मकान नंबर 05 गली नंबर 02 चौबदारपुरा तलैया भोपाल (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम इकलामा पटवारी हल्का नंबर 25, राजस्व निरीक्षक मण्डल औबेदुल्लागंज विकास खण्ड औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन (म.प्र.) में स्थित है, जिसका (1) खसरा क्रमांक 3/1/1/1 रकबा 1.000 हेक्टेयर भूमि (2) खसरा क्रमांक 3/2/1 रकबा 0.2040 हेक्टेयर भूमि (3) खसरा क्रमांक 2 रकबा 0.3160 हेक्टेयर भूमि (4) खसरा क्रमांक 3/1/2 रकबा 2.0230 हेक्टेयर भूमि में से रकबा 0.5030 हेक्टेयर भूमि कुल रकबा 2.0230 हेक्टेयर भूमि को संयुक्त उपक्रय अनुबंध पत्र (ज्वाइंट वेंचर एग्रीमेंट) करने का अनुबंध कर बयाना/टोकन राशि का भुगतान कर दिया है, जिसका पंजीयन होना शेष है। यदि किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, सोसायटी, फर्म, बैंक, हितबद्ध व्यक्ति इत्यादि को उक्त भूमि संयुक्त उपक्रय अनुबंध-पत्र (ज्वाइंट वेंचर एग्रीमेंट) किए जाने में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त भूमि कहीं अन्यत्र, रहन, विक्रय, अनुबंधित, दान, बंधक, आदि हो तो वह मेरे कार्यालय में 07 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर रसीद प्राप्त करें, अन्यथा मेरा पक्षकार समयावधि पूर्ण होने के उपरांत उक्त भूमि का संयुक्त उपक्रय अनुबंध पत्र (ज्वाइंट वेंचर एग्रीमेंट) अपने पक्ष में करा लेगा, समयावधि के बाद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा शून्य अवैधानिक व झूठी समझी जावेगी।

**विनोद साहू, (एडवोकेट)**
**कार्यालय साहू लॉ चेम्बर बिजली घर के पास शासकीय पशु चिकित्सालय के ठीक सामने गौहरगंज रोड, औबेदुल्लागंज जिला रायसेन (म.प्र.) मो. 9993059594, 9993726650**

134840



**आम सूचना**

**परियोजना 'विनायक परिसर' से फेयर व्यू (विनायक परिसर) के नाम परिवर्तन के संबंध में**

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं की मेरे पक्षकार एस.के. कालोनाइजर एंड डेवलपर्स द्वारा संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश, भोपाल से 'विनायक परिसर' परियोजना जो की स्थित भूमि खसरा क्र. 383, 384, 385, 386, 395, 396 एवं 397 ग्राम नयापुरा (कोलार रोड), भोपाल पर प्रस्तावित है, हेतु एक अनुमति दिनांकित 17.03.2020 को प्राप्त कि थी जिसकी अनुमति क्र. डीपीएलएलपी-6210/एल.पी.75/29/नग्रानि/जी.का/भोपाल/2019 है। उक्त परियोजना का नाम नगर निगम द्वारा प्रेषित विकास अनुमति क्र.-72 दिनांकित 11.05.2022 में 'फेयर व्यू (विनायक परिसर)' से प्राप्त हुई है। इसी हेतु मेरे पक्षकार अपनी इस परियोजना का नाम 'विनायक परिसर' से 'फेयर व्यू (विनायक परिसर)' करना चाहते है। यदि उपरोक्त परियोजना नाम परिवर्तन से किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय, बैंक, वित्तीय संस्था, व्यक्ति एवं अन्य का किसी प्रकार का कोई हित या संबंध हो अथवा कोई किसी प्रकार कि आपत्ति हो तो वह इस सूचना पत्र प्रकाशन की 7 दिवस अवधि में मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि निकल जाने के किसी भी प्रकार का दावा या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरे पक्षकार परियोजना 'विनायक परिसर' से 'फेयर व्यू (विनायक परिसर)' के नाम परिवर्तन करवाने के लिए स्वतंत्र होंगे।

भवदीय-**अपूर्व तारण** एवं **प्रतीक जैन** एडवोकेट
चेम्बर नं.-305, उत्तमचंद इसरानी लॉ चेम्बर्स जिला न्यायालय के पीछे, अरेरा हिल्स भोपाल
9780658300, 9861749337



**आम सूचना**

**मकान नं. ईडब्लूएस-274 हाऊसिंग बोर्ड कालोनी कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल (म.प्र.)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक के समक्ष श्रीमती नारायण देवी सिंह पत्नी श्री तिलक सिंह द्वारा अपने स्वत्व, स्वामित्व की सम्पत्ति मकान नं. ईडब्लूएस-274 हाऊसिंग बोर्ड कालोनी कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल (म.प्र.) में स्थित जिसके पूरब में ईडब्लूएस-271, पश्चिम में ईडब्लूएस-275, उत्तर में ईडब्लूएस-273, दक्षिण में रोड है को साम्यिक बंधक किया जाना प्रस्तावित किया है। उक्त सम्पत्ति से संबंधित चैन ऑफ टाईटल डीड का लीज एग्रीमेंट एवं विक्रय पत्र दिनांक 14.12.1999 म.प्र. गृह निर्माण मण्डल द्वारा श्रीमती सुशीला बाई शुक्ला के पक्ष में निष्पादित श्रीमती नारायण देवी सिंह से कही गुम होने के कारण उनके पास उपलब्ध नहीं है जिसकी सत्यापित प्रतिलिपि उपपंजीयक भोपाल से प्राप्त की जा चुकी है एवं उक्त दस्तावेज के गुम होने संबंधी सूचना थाना कमला नगर भोपाल में दे दी गई है। मेरे पक्षकार बैंक में उक्त सम्पत्ति को साम्यिक बंधक किये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय-अर्द्धशासकीय निकाय को किसी प्रकार की आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई भार या ऋण हों या किसी अन्य व्यक्ति के हित निहित हो या कोई वाद-विवाद हो या उक्त विक्रय पत्र किसी भी व्यक्ति को मिला हो या किसी के पास हो तो मेरे पक्षकार बैंक में प्रस्तुत करे एवं इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में आपत्ति दर्ज करायें, उक्त अवधि के पश्चात् मेरा पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान कर सकेगा। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और कोई आपत्ति मान्य नहीं समझी जावेगी।

**कपिल मेहरा, एडवोकेट**
**मेहरा एण्ड एसोसिएट्स चेम्बर नं. 219, 220, 221 लायर्स चेम्बर, अरेरा हिल्स भोपाल**
**मो. 9300851010, 9425638310**